>

Title: Need to provide a financial package for the drought-hit Palamu Parliamentary Constituency, Jharkhand.

श्री कामेश्वर बैठा (पलामू): मेरा संसदीय क्षेत्र पलामू (झारखंड) अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, आदिवासी तथा पिछड़ी जाति बाहुल्य क्षेत्र है। यह क्षेत्र विगत पांच वर्षों से लगातार सुखाड़ की चपेट में है। छोटी-बड़ी सभी नदियां सूख गई हैं तथा पूरे संसदीय क्षेत्र का जलस्तर बिल्कुल नीचे चले जाने के कारण सारे नदी, तालाब तथा कुएं सूख गए हैं। फलतः न पीने का पानी है और न ही खेती एवं न ही सिंचाई के लिए पानी है।

जिसके कारण मेरे क्षेत्र में अकाल की स्थिति उत्पन्न हो गई है। रोजी-रोटी के लिए मजदूरों का अन्य राज्यों में पलायन हो रहा है।

अतः, केन्द्र सरकार का ध्यान आकृष्ट करते हुए मैं सरकार से मेरे संसदीय क्षेत्र के सूखाग्रस्त इलाकों हेतु 500 हजार करोड़ के विशेष पैकेज की मांग करता हूं।